## दिनांक 05.11.2012 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारी समिति की आयोजित बैठक का कार्यवाही विववरण

दिनांक 5.11.2012 को प्रातः 11.00 बजें राज्य कार्यकारी समिति की बैठक कान्फ्रेंस हाल, शासन सचिवालय में आयोजित की गयी। इस बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट – अ पर संलग्न है।

बैठक में शासन सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग ने ऐजेण्डा के बिन्दुओं पर चर्चा प्रारंभ की गई। बाद में बिन्दुवार विचार विमर्श के पश्चात निम्न निर्णय लिये गये :–

1. आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग द्वारा पूर्व वर्षो में उपलब्ध कराये गये चिकित्सा उपकरणों के समुचित उपयोग हेतु चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा कार्य योजना तैयार की जावे।

**(कार्यवाही चिकित्सा शिक्षा विभाग)**

2. वित्तीय वर्ष 2008–09 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, जयपुर को 14 एम्बूलेन्स क्रय करने हेतु आवंटित राशि रूपये 252.00 लाख का उपयोगिता प्रमाण पत्र व अन्य सूचनाएं निदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा एक सप्ताह में प्रस्तुत करने बाबत सूचना दी गई।

**(कार्यवाही निदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन )**

3. वर्ष 2012 के मानसून के दौरान विभिन्न जिलों में अत्यधिक वर्षा / बाढ से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के मरम्मत एवं पुनरूद्धार हेतु प्राप्त प्रस्तावों को SDRF के नये नार्म्स के अन्तर्गत स्वीकृत करने का अनुमोदन किया गया। मुख्य सचिव महोदय ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रस्तावानुसार स्वीकृत किये गये कार्यो एवं

स्वीकृति से शेष कार्यो का पूर्ण विवरण प्रमुख सचिव, सा0नि0विभाग के साथ पृथक से बैठक कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

(कार्यवाही सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरीय विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग)

4. राज्य आपदा प्रतिसाद दल हेतु अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस आर्म्ड बटालियन, राजस्थान, जयपुर को उपकरण क्रय बाबत जारी 746.00 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति पर विचार विमर्श कर इस स्वीकृति के तहत क्रय किये जाने वाले उपकरणों के उपयोग हेतु दिनांक 05.12.2012 तक अतिरिक्त महानिदेशक, आर.ए.सी. से कार्य योजना प्राप्त करने के पश्चात वित्तीय स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया।

(कार्यवाही अतिरिक्त महानिदेशक,आर.ए.सी. एवं आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग)

5. संभागीय आयुक्त, अजमेर में स्थापित सेटेलाईट फोन तथा अन्य सेटेलाईट फोन्स पर सेवाप्रदाता को वार्षिक भुगतान एवं इन फोन्स के मासिक बिलों के भुगतान हेतु सामान्य प्रशासन विभाग में बजट प्रावधान करवाने की कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। (कार्यवाही राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग)

6. अभावस्थिति बाबत भारत सरकार को दिनांक 12.8.2012 को प्रेषित अन्तरिम ज्ञापन के पश्चात राज्य में उत्पन्न बाढ की स्थिति के कारण भारत सरकार को प्रेषित की गयी अतिरिक्त सूचना की पुष्टि की गई। (कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग)

7. वर्ष 2012–13 की क्षमता संवर्धन की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग)

8. नगर निगम कोटा को वित्तीय वर्ष 2012–13 में एक एरियल हाइड्रोलिय प्लेटफार्म एवं एक एयर फील्ड क्रेस फायर टेण्डर क्रय करने हेतु 8.00 करोड रूपये की स्वीकृति का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया। **(कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग एवं नगरीय विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग)**

9. SDRF मद में उपलब्ध शेष राशि रूपये 218.00 करोड तथा रूपये 300 करोड का 91 दिनों के लिये ऑक्सन्ड ट्रेजरी बिलों में निवेश किये जाने की कार्यवाही की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। **(कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग)**

10. सीकर जिले में बाढ जल निकासी के लिये 20.00 करोड रूपये के डीजल पम्प सेट क्रय किये गये, इस खरीद का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया। **(कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग एवं जिला कलेक्टर, सीकर)**

11. SDRF मद में वित्त वर्ष 2012–13 में उपलब्ध 10.65 करोड रूपये की राशि तथा वित्तीय वर्ष 2013–14 में प्राप्त होने वाली 33.12 करोड की राशि के लिए उपकरण क्रय करने हेतु संबंधित विभागों से प्रस्ताव प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। **(कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, गृह विभाग, नगरीय विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग)**

12. राज्य आपदा नियन्त्रण केन्द्र (EOC) की क्षमता संवर्द्धन हेतु एक नवीन वाहन क्रय किये जाने तथा नवीन वाहन की खरीद तक एक वाहन किराये पर लिये जाने की स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। **(कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग)**

13. नेशनल स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम पर श्रीमती वीणा प्रधान, निदेशक, स्कूल शिक्षा ने प्रस्तुतीकरण दिया। जिस पर विचार विमर्श कर इस कार्यक्रम की कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग)

14. मुख्य सचिव महोदय द्वारा जयपुर जिले एवं अन्य जिलों में आपदा की स्थिति में त्वरित कार्यवाही हेतु तैनात नागरिक सुरक्षा के स्वंय सेवकों (Home Guards) के मानदेय के भुगतान हेतु गृह एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के मद में राज्य के बजट से धनराशि के प्रावधान हेतु आवश्क कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। (कार्यवाही आपदा प्रबन्धन एवं सहायता, वित्त विभाग, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग)

अन्त में मीटिंग धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

27/11/2

शासन उप सचिव

राजस्थान सरकार
आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग

पत्रांकःएफ.1(1)(5) आ.प्र.एवं सआ/सामान्य/III/2007/14545-57 जयपुर, दिनांक 23.11.12

1. निजी सचिव एवं उप सचिव, मुख्य सचिव, राज0, जयपुर।
2. निजी सचिव, अति0 मुख्य सचिव, (ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज) विभाग, राज0, जयपुर।
3. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव, गृह विभाग, राज0, जयपुर।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राज.।
5. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, राजस्व विभाग, राज., जयपुर।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, राज0, जयपुर।
7. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, जल संसाधन विभाग, राज. जयपुर।
8. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राज. जयपुर।
9. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राज., जयपुर।
10. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सार्वजनिक निमार्ण विभाग, राज. जयपुर।
11. निजी सचिव, शासन सचिव, आ0प्र0 एव सहायता विभाग, राज0, जयपुर।
12 निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
13 निजी सचिव, अति. महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन, राज., जयपुर।

23/11
शासन उप सचिव

परिशिष्ट–अ

मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 05.11.2012 में उपस्थित अधिकारीगण।

| क्र. सं. | नाम | पदनाम एवं विभाग |
|---|---|---|
| 1 | श्री सी.एस. राजन | अति. मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज |
| 2 | श्री गुरदयाल सिंह संधु | प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग |
| 3 | डा0 मालविका पंवार | प्रमुख शासन सचिव, राजस्व |
| 4 | श्री ओ.पी. सैनी | प्रमुख शासन सचिव, जल संसाधन विभाग |
| 5 | श्री तपेश पंवार | प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग |
| 6 | श्री गोविन्द शर्मा | प्रमुख शासन सचिव, वित्त |
| 7 | श्री जे.सी. महान्ति | प्रमुख शासन सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग |
| 8 | डा0 आर. वेंकटेशवरन | शासन सचिव, गृह |
| 9 | श्री अभय कुमार | शासन सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग |
| 10 | श्री दिनेश चन्द दिनकर | विशिष्ट शासन सचिव, वित्त (व्यय) |
| 11 | श्री मोहन लाल लाठर | अति.महानिदेशक पुलिस आर्म्ड बटालियन, जयपुर |
| 12 | श्रीमती गायत्री राठौड़ | प्रबन्ध निदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन |
| 13 | डा0 पी.सी. ढ़ठोरिया | अति. निदेशक (ग्रामीण स्वास्थ्य) |
| 14 | डा0 वीणा प्रधान | निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर |
| 15 | श्री एच. एल. मीना | मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग |